# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा
संख्या-04

द्वितीय सत्र(बजट)
बुधवार, दिनांक-04 मार्च, 2015 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वा० से 3.55 बजे अप० तक।**
**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

### 1.प्रश्न काल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

**(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-10**

**(i) उत्तरित कुल-03-** अ० सू०-34, श्री अमित कुमार, स० वि० स०,

(क) माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार के उक्त प्रश्न के आलोक में आसन द्वारा यह निदेश दिया गया कि इस मामले की जाँच पथ निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर, संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी और प्रश्नकर्त्ता सदस्य मिलकर करेंगे तथा चलते सत्र के दौरान प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(ख) माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा गोड्डा एवं जमशेदपुर में स्वाईन फ्लू के मरीजों के पाये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया तथा सरकार से इसके लिये अलर्ट जारी किये जाने हेतु अपेक्षा की गयी।

अ० सू०-36, श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०,

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश सिंह भोगता द्वारा उनके क्षेत्र में ओलावृष्टि से हुई तबाही की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया जिसे सरकार द्वारा संज्ञान में लिया गया।)

अ० सू०-37, श्री शशिभूषण सामाड़, स० वि० स०।

**(ii) स्थगित कुल-02-** अ० सू०-35, श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता, स० वि० स०,
अ० सू०-38, श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, स० वि० स०।

**(iii) अनागत कुल-05-** अ० सू०-39 से 43 तक।

**(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-21**

**(i) उत्तरित कुल-13-** तारांकित-01, श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०,
तारांकित-02, श्री बिदेश सिंह, स० वि० स०,
तारांकित-04, श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,
तारांकित-05, श्री हरि कृष्ण सिंह, स० वि० स०,
तारांकित-07, श्री राम कुमार पाहन, स० वि० स०,
तारांकित-09, श्री रघुनन्दन मण्डल, स० वि० स०,

(क्र० प० उ०)

तारांकित-10, श्री राम कुमार पाहन, स० वि० स०,
तारांकित-12, श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,
तारांकित-13, श्री रघुनन्दन मण्डल, स० वि० स०,

(माननीय प्रश्नकर्त्ता सदस्य की भावना को देखते हुए उक्त तारांकित प्रश्न के आलोक में विभागीय जाँच, जिसमें प्रश्नकर्त्ता सदस्य भी सम्मिलित रहेंगे, हेतु आसन द्वारा निदेश दिया गया )

तारांकित-14, श्रीमती विमला प्रधान, स० वि० स०,
तारांकित-15, श्री अशोक कुमार, स० वि० स०,
तारांकित-16, श्री शशिभूषण सामाड, स० वि० स०,

(इस अवसर पर माननीय सदस्या, श्रीमती निर्मला देवी ने अपने विधान सभा क्षेत्र के पतरातु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा मनरेगा, विधायक निधि आदि योजनाओं में रिश्वत लिये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया जिसे सरकार द्वारा संज्ञान में लिया गया।)

तारांकित-18, श्रीमती विमला प्रधान, स० वि० स०।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने बी.आर.पी./सी.आर.पी. की सेवा समाप्त न कर उन्हें ससमय प्रशिक्षण दिये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया जिसे सरकार द्वारा संज्ञान में लिया गया)

**(ii) स्थगित कुल-05**-तारांकित-03, श्री दशरथ गागराई, स० वि० स०,
(मानव संसाधन विकास विभाग में स्थानान्तरित)
तारांकित-06, श्री फुलचन्द मण्डल, स० वि० स०,
तारांकित-08, श्री अशोक कुमार, स० वि० स०,
तारांकित-11, श्री जगरनाथ महतो, स० वि० स०,
तारांकित-17, श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०।

**(iii) अनागत कुल-03**- तारांकित-19 से 21 तक।

## 2.शून्यकाल:-

आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि आज दिनांक-04.03.2015 के लिए कुल-28 शून्यकाल की सूचनायें प्राप्त हुई हैं, लेकिन सभा नियम- 303(2) के तहत केवल 15 सूचनाओं को ही पढ़ने की अनुमति दी जायेगी तथा शेष सूचनायें सम्बन्धित विभागों को लिखित उत्तर हेतु प्रेषित कर दी जायेगी। माननीय सदस्यों से शून्यकाल से इतर विषयों को नहीं उठाये जाने हेतु आग्रह किया गया और इस निमित्त आसन को सहयोग किये जाने की अपेक्षा की गयी। इसके उपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयीं-

श्री जगरनाथ महतो,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री हरि कृष्ण सिंह,
श्री राज कुमार यादव,
श्री केदार हजरा,
श्री दशरथ गागराई,
श्री आलगमीर आलम,
श्री बादल,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री प्रकाश राम,

(क्र०पृ०३०)

श्री योगेश्वर महतो,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री कुणाल षडंगी एवं
श्री नारायण दास।

आसन द्वारा माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम एवं श्री कुणाल षडंगी द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल सूचनाओं की सराहना की गयी।

## 3. ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य:-

i- श्री अमित कुमार, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का उत्तर अप्राप्त होने के कारण इसे दिनांक-09.03.2015 के लिए स्थगित किया गया,

ii- श्री राधाकृष्ण किशोर एवं अन्य स० वि० स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से वक्तव्य दिया गया। सदन की भावना एवं मामले की गम्भीरता को देखते हुए इस विषय की गहन जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु सदन की विशेष समिति गठित किये जाने सम्बन्धी नियमन आसन से दिया गया।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री नलिन सोरेन द्वारा स्व० सुनील महतो के शहादत दिवस पर आज दिनांक-04.03.2015 को सदन में दो मिनट का मौन रखे जाने हेतु आसन से आग्रह किया गया)

iii- श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, स० वि० स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पर सरकार द्वारा वक्तव्य दिया गया,

iv- श्री प्रदीप यादव एवं अन्य स० वि० स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना को अगली तिथि के लिए स्थगित किया गया,

v- श्री जगरनाथ महतो, स० वि० स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना को अगली तिथि के लिए स्थगित किया गया,

vi- श्री कमल किशोर भगत, स० वि० स० की ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार द्वारा वक्तव्य दिया गया,

vii- श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता, स० वि० स० की ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार द्वारा वक्तव्य दिया गया,

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

वित्तीय वर्ष-2015-16 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद हेतु सभी राजनीतिक दलों को समय आवंटन की घोषणा आसन द्वारा की गयी।

## 4.वित्तीय कार्य:-

वित्तीय वर्ष-2015-16 के आय-व्ययक पर माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

(पदाधिकारी दीर्घा में राज्य के शीर्ष अधिकारियों की अनुपस्थिति की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा आकृष्ट किया गया जिसे माननीय मुख्यमंत्री ने गम्भीरता से लिया)

श्री राधाकृष्ण किशोर,
श्री मनोज कुमार यादव,

(क्र० प्र०उ०)

श्री केदार हजरा
श्री प्रदीप यादव,
श्री बिरंची नारायण एवं
श्री राज कुमार यादव।

## 5.आसन से घोषणाः-

आज दिनांक-04.03.2015 को सभा परिसर तथा दिनांक-05.03.2015 को अध्यक्षीय आवास पर होली-मिलन समारोह में सम्मिलित होने हेतु सभी माननीय सदस्यों, पत्रकार बन्धुओं एवं विधानसभा के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति हेतु आसन से अनुरोध किया गया। जिन माननीय सदस्यों द्वारा विधानसभा परिसर स्थित बैंक में खाता नहीं खुलवाया गया है, उन्हें अपना खाता खुलवाकर नम्बर सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने, जिन माननीय सदस्यों द्वारा अब तक दो-दो पासपोर्ट साईज का अपना रंगीन फोटोग्राफ एवं बायोडाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है, उनसे भी इसे उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही दिनांक- 09 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 04 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

-x-